| Navbharat Times (Hindi) | 25 May 2017 | Mumbai |
| --- | --- | --- |

# एनसीजी के दायरे में 108 कैंसर अस्पताल

■ **प्रसं/ एजेंसी, मुंबई :** प्रमुख कैंसर केंद्रों और शोध संस्थानों के नेटवर्क राष्ट्रीय कैंसर ग्रिड (एनसीजी) के दायरे में अब कैंसर का इलाज करने वाले 108 अस्पताल और संस्थान आ गए

हैं। इसके साथ ही 2012 में स्थापित एनसीजी के दायरे में अब देश के 60 फीसदी कैंसर केंद्र और शोध संस्थाएं हैं। टाटा ट्रस्ट ने बुधवार को जारी बयान में इसकी जानकारी दी। बयान में कहा गया, ''मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में 20 और 21 मई को एनसीजी की सातवीं बैठक हुई, जिसमें देश भर के 108 केंद्रों से 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।''